## आठ किलो अमानक पालिथीन जब्त

रतलाम। नगर निगम द्वारा अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत राम मंदिर सब्जी मंडी, टीआइटी रोड, महू रोड बस स्टैंड से फुटकर विक्रेताओं से अमानक स्तर की आठ किलो पालिथीन जब्त की गई। साथ ही सभी को भविष्य में अमानक पालिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

## गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

रतलाम। गंदगी करने पर घन्नालाल जैन फ्रीगंज से 1000 रुपये, सेंट्रल आटोमोबाइल फ्रीगंज से 500 रुपये, दीपक करावे, विशाल सांखला राम मंदिर से 250-250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी।

## 8 किलो पॉलीथीन जब्त

रतलाम, नप्र। प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेऊ स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर उपयोग को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं कलेक्टर तथा निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रतिबंधित किया है जिसके तहत जैन पैकेजिंग मटेरियल कल्याण नगर से तय मानक के विपरित 8 किलो पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 2000 की राशि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल ने किया। प्र.की. 19

## खुले में गंदगी, पांच पर जुर्माना

रतलाम, नप्र। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश में ऐसे दुकानदार और नागरिक जो खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है या फिर मलबा डालकर सड़क पर कब्जा करते है उन पर लगाम लगाने के लिए जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। नगर नगर निगम की जुर्माना वसूलने वाली टीम लगातार नगर में भ्रमण कर शहर को गंदा करने वाले लोगों के साथ ही ऐसे लोगों को पकड़ रही है जो खुली जमीन पर मलवा डालकर कब्जा कर रहे है।

कल 18 फरवरी को को टीम ने ऐसे पांच लोगों को पकड़ा। जुर्माना वसूलने वाली टीम ने बाजना बसस्टेंड से रोहित राठौर नामक दुकानदार को गंदगी करते पकड़ा, टीम ने उस पर पांच सौ रुपए का जुर्माना किया। इसके अलावा अजय प्रजापत, ईश्वर, ब्रजेश राम मंदिर को भी गंदगी करते पकड़ा, इन सभी पर भी मौके पर ही सौ-सौ रुपए का जुर्माना कर आगे से कभी अपने आसपास गंदगी नहीं करने की समझाईश दी।

प्रभातकिरण 19/2/22

## जैन पैकेजिंग से अमानक स्तर की 8 किलो पॉलीथीन जब्त, 2000 का किया जुर्माना

रतलाम। जैन पैकेजिंग मटेरियल कल्याण नगर से तय मानक के विपरित 8 किलो पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 2000 की राशि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया। समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। अग्निबाण/19

अग्निबाण 19/2/22

## स्वच्छ सर्वेक्षण, दो के सुझावों को चुना



रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत रतलाम नगर निगम द्वारा शहरवासियों के साथ ही गैर सरकारी संगठनों एवं अन्य सभी लोगों से स्वच्छ भारत मिशन के कार्य को किस तरह से और बेहतर किया जा सकता है, उसके लिए टेक्निकल सुझाव मांगे गए थे। इसके तहत 10 प्रतिभागियों ने अपनी रुचि दिखाते हुए अपने सुझाव निगम के पास भेजे हैं, जिनमें से दो सुझाव द ग्रोइंग इंडिया फाउंडेशन एवं दीपिका पटेल द्वारा दिया गया था। इन दोनों के सुझावों को निगम द्वारा गठित कमेटी ने चुना है। दोनों प्रतिभागियों ने निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने सुझावों को किस तरह जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा सकता है, इसके बारे में शहरवासियों को समझाया। निगम ने इन सुझावों को आगे बढ़ाने के लिए इन प्रतिभागियों की तमाम निवेशकों के साथ बैठक आयोजित की है। साथ ही इन्हें और ज्यादा कुशल एवं प्रभावी बनाने के लिए समर्थन दिया।

पत्रिका २०/२/२२

## स्वच्छ सर्वेक्षण को गति देने के लिए दो सुझाव चयनित

रतलाम। शहरवासियों, गैर सरकारी संगठनों से स्वच्छ भारत मिशन कार्य को और बेहतर करने के लिए सुझाव मांगे गए थे। इंटरनेट मीडिया पर व्यापक प्रचार प्रसार के साथ ही शहर के कालेजों में जाकर विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कुल 10 प्रतिभागियों ने रुचि दिखाते हुए अपने सुझाव भेजे। इसमें द ग्रोइंग इंडिया फाउंडेशन एवं दीपिका पटेल द्वारा दिए गए सुझाव को नगर निगम द्वारा गठित कमिटी ने चुना। निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इन दोनों प्रतिभागियों ने अपने सुझावों को मैनी स्तर तक पहुंचाने के बारे में शहरवासियों को समझाया। प्रतिभागियों की सभी निवेशकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

नईदुनिया / २०/२/२२

# जैन पैकेजिंग से अमानक स्तर की 8 किलो पॉलीथिन जब्त, जुर्माना वसूला

रतलाम (आरएनएन)। रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेऊ, स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिरंस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के उपयोग को मध्यप्रदेष प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

अभियान के तहत जैन पैकेजिंग मटेरियल कल्याण नगर से तय मानक के विपरित 8 किलो पॉलीथीन को जब्त कर संबधित पर 2000 की राशि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया। रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लघंन किये जाने पर संबधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। रतलाम

राजएक्सप्रेस २०/२/२२

# कचरा स्थल पाए जाने पर होगी कार्रवाई : झारिया



बैठक में निर्देश देते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया। ●नईदुनिया

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ली। उन्होंने स्वच्छता के प्रत्येक क्षेत्र में लगन से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देशित किया कि शहर में कहीं भी कचरा स्थल ना हो, इसकी सुनिश्चितता की जाए। यदि हो तो तीन दिन में समाप्त कर कचरा स्थल पर नियमित रूप से रंगोली बनाई जाए।

झारिया ने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे रिक्त प्लाट (भूखंड) जिन पर कचरा व गंदगी एकत्रित हो रही है संबंधित प्लाट स्वामी से 10 हजार की राशि का जुर्माना किए जाने की कार्रवाई की जाए।

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, अरविंद दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री सुहास पंडित, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, दीक्षा निजामपुरकर आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया २०/२/२२



# विधायक श्री काश्यप ने अमृत सागर परियोजना की समीक्षा की

## 21 करोड़ की परियोजना में होगा तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास

रतलाम। रतलाम नगर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक श्री चेतन्य काश्यप द्वारा की गई। कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई।

झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी। विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से क्रय की जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी।

कार्ययोजना अंतर्गत ढाई करोड़ रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएंगे, बाउंड्रीवाल बनेगी जिस पर एक करोड़ 97 लाख रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बड़ी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना में जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया।

अमृत सागर पर पैरीफेरल रोड बनेंगे, वाक-व [illegible] जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग [illegible], शाप्स, [illegible] आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बॉक्स रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवाल निर्माण पर 197 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा।

बैठक में विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

स्वतंत्र प्रभात २१/२/२२

इंदौर में गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअली लोकार्पण

# इंदौर सहित मध्यप्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में लिख रहा नई इबारत : मोदी

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंदौर और मध्यप्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नई इबारत लिख रहे हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर देश और विदेश में मॉडल बन गया है। इंदौर में स्वच्छता के क्षेत्र में अद्‌भुत कार्य हुए हैं। इसके लिये यहां की जनता, जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन बधाई के पात्र हैं। स्वच्छता के लिये इंदौर और मध्यप्रदेश के अनेक शहरों में विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं। स्वच्छता से जीवन जीने का तरीका बदला है। पर्यावरण में सुधार आ रहा है। रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। स्वच्छता से हमें बहुआयामी लाभ मिल रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी शनिवार को इंदौर के गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट के वर्चुअली लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय कौशल किशोर वर्चुअली रुप से शामिल हुए। इस मौक पर इंदौर से इस कार्यक्रम में इंदौर जिले के प्रभारी एवं गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्य मंत्री नगरीय प्रशासन ओ.पी.एस. भदौरिया आदि विशेष रूप से मौजूद थे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संबोधित करते हुए देवी अहिल्याबाई होल्कर के सेवा कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदौर का नाम आते ही देवी अहिल्याबाई के सेवा-भाव का ध्यान आता है। इंदौर ने देवी अहिल्याबाई की प्रेरणा को कभी खोने नहीं दिया है।



शनिवार को नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंदौर में 550 मीट्रिक टन क्षमता वाले बायो सीएनजी गोबर-धन प्लांट का वर्चुअली शुभारंभ करने पर मुख्यमत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य अतिथियों ने अभिवादन किया।

## *सिर्फ 'सेव' का ही शौकीन नहीं, 'सेवा' करना भी आता है इंदौर को: मोदी*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंदौर की महिलाएं एक प्रकार से देश की बहुत बड़ी सेवा कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंदौर का नाम आते ही स्वच्छता और नागरिक कर्तव्य स्मरण हो जाते हैं। शहर के निवासी केवल 'सेव' खाने के शौकीन ही नही है, उन्हे अपने शहर की 'सेवा' करना भी खूब आता है। श्री मोदी ने इंदौर के सफाईकर्मियो की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि वे इंदौर के सफाईकर्मियो के माध्यम से देश के सभी सफाईकर्मियो को प्रणाम करते है, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान भी अपने कार्य के माध्यम से लगातार देश सेवा की।

## अब मप्र सरकार किसानों से खरीदेगी गोबर: शिवराज सिंह चौहान

इस प्लांट के शुभांरभ के मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को ऐलान किया कि अब मध्य प्रदेश सरकार भी गोबर खरीदेगी। अब सरकार आसपास के गांवों से पांच रुपए प्रति किलो गोबर खरीदेगी। इंदौर के गोबर-धन प्लांट में गोबर और गीले कचरे का उपयोग गैस के उत्पादन में किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर अद्‌भुत शहर है, जनभागीदारी का उत्तम उदाहरण देते हुए इंदौर आज स्वच्छता के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरने जा रहा है। इंदौर एक मात्र ऐसा शहर है जहां छह प्रकार के कचरे को सेग्रेगेट किया जाता है। यहां जीरो वेस्ट वार्ड और सड़कों के साथ-साथ 21 बाजार क्षेत्रों को जीरो वेस्ट बनाया गया है। इंदौर मे सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित करते हुए 'मैं हूं झोलाधारी इंदौरी' की शुरुआत की गई है।

२१५

राज एक्सप्रेस २०/२/२२

विधायक काश्यप ने परियोजना को लेकर कलेक्टर की मौजूदगी में की समीक्षा

# 21 करोड़ की परियोजना में होगा अमृत सागर तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास

• रतलाम

**रतलाम नगर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा की गई। कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई।**



झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी। विधायक चेतन्य काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से क्रय की जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी। कार्ययोजना अंतर्गत ढाई करोड रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएंगे, बाउंड्रीवाल बनेगी जिस पर एक करोड 97 लाख रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बडी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना में जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया।

अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगे, वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बीन्स रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लॉख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा। बैठक में विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

अग्निबाण / 19/2/22

## विधायक श्री काश्यप ने अमृत सागर परियोजना की समीक्षा की

# 21 करोड़ की परियोजना में होगा तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**



नगर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक श्री चेतन्य काश्यप द्वारा की गई। कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई।

झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी।

विधायक चेतन्य काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से क्रय की जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी।

कार्ययोजना अंतर्गत ढाई करोड रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएगे, बाउंड्रीवाल बनेगी जिस पर एक करोड़ 97 लाख रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बड़ी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएगे।

कलेक्टर द्वारा कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना में जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया। अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगे, वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लै प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रुपए खर्च किए जाएगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बीस रखे जाएगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा।

अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लॉख रुपए खर्च किए जाएगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा। विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।। सिंघम - 19

सिंघम 19/2/22

## विधायक काश्यप ने अमृत सागर परियोजना की समीक्षा की

# अमृत सागर तालाब पर होगी बोटिंग, लैम्प पोस्ट, बेंच सहित सौंदर्यीकरण कार्य होंगे



**रतलाम।** अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगे, वॉक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बीस रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

ये जानकारियां तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा में विधायक चेतन्य काश्यप को दी गई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की मौजूदगी में विधायक ने झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर सौंदर्यीकरण की समीक्षा की। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य किया जाए साथ ही सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी। गाद निकासी पर बड़ी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बैठक में विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। दबंग

दबंग दुनिया 20/2/22

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 के तहत निगम आयुक्त ने ली बैठक

● रतलाम।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में उच्चतम् अंक प्राप्त हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की 8 फरवरी को ली गई बैठक में दिये गये निर्देशों के तहत अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने की।**

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्र जहां यूरिनल की आवश्यता है वहां पर अस्थायी यूरिनल लगाये जाये। शहर में यदि खुले में यूरिन व शौच करते पाये जाने पर संबंधित झोन प्रभारी व दरोगा पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि नगर के 100



प्रतिषत घरो, दुकानों से सेग्रीगेटेड कचरा संग्रहण किया जाये यदि किसी भी वार्ड में कचरा स्थल है तो उसे पुरी तरह से समाप्त कर दें अन्यथा संबंधित झोन प्रभारी व दरोगा पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त ने उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि नगर के **प्रत्येक वार्डों में सौन्दर्यीकरण के स्थल की सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाये ताकि सौन्दर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया जा सकें।**

अग्निबाण 19

अग्निबाण 19/2/22

**दैनिक भास्कर**

# विजेता विद्यार्थियों को विधायक काश्यप ने किया पुरस्कृत



रतलाम | स्वच्छता सहित अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को विधायक चैतन्य काश्यप ने शनिवार को गुलाब चक्कर में हुए कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। शुरुआत में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंदौर में गोबर धन प्लांट लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, दिव्या पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

दै. भास्कर २०/२/२२

शहर में बेतरतीब ड्रेनेज व्यवस्था के चलते सड़कों पर आने लगा गंदा पानी

# सड़कों पर ड्रेनेज का पानी, सही हो निकासी

## ऐसे-कैसे बनेगा शहर सुंदर

### क्षेत्र के रहवासियों के साथ आवाजाही करने वाले भी होते है परेशान


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





**रतलाम.** शहर में सीवरेज कार्य के साथ ही नई सड़कों के निर्माण के दौरान अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम की अभी से पोल खुलने लगी है। शहर के रहवासी क्षेत्र हो या फिर सिटी फोरलेन की मुख्य सड़कें हर तरह ड्रेनेज का पानी सड़क पर नजर आने लगा है। हालात यह है कि बेतरतीब व्यवस्था के चलते अब उसमें सुधार के लिए नई बनी सड़कों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है और काम की गति भी इतनी धीमी है कि सात दिन बाद भी व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी है।

शहर में बीते दस दिनों से सबसे बूरे हालात कहीं खराब नजर आए तो वह दो बत्ती चौपाटी के पास के है। यहां हालही में सिटी फोरलेन निर्माण के दौरान सड़क किनारे ड्रेनेज के पाइप अंडर ग्राउंड डाले गए थे लेकिन दो बत्ती पर लाइन को जोड़े जाने का काम ठीक से नहीं होने के चलते लाइन जाम हो गई। ऐसे में पहले तो करीब चार दिनों तक मार्ग से आवाजाही करने वाले लोग ड्रेनेज का पानी सड़क पर आने से परेशान होते रहे और अब उसमें सुधार के लिए लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए सिटी फोरलेन को खोद दिया गया।

दो बत्ती चौपाटी के पास ड्रेनेज में सुधार के लिए निगम के सफाई कर्मियों द्वारा भी हर तरह के प्रयास कर लिए गए लेकिन वह ठीक से साफ नहीं हो सका। ऐसे में उसे ठीक करने के लिए सड़क की खुदाई कर चैंबर को फिर से खोला गया है लेकिन आज तक यह काम पूरा नहीं हो सका है, जिसके चलते चैंबर बीते चार दिनों से खुला पड़ा है। ऐसे में इसके खुले होने से नाले की दुर्गंध से आस-पास के लोगों के साथ ही यहां से गुजरने वाले लोग भी परेशान हो रहे हैं।

### इधर भी खुली स्वच्छता की पोल

नगर निगम भले ही स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को अव्वल लाने के प्रयासों के साथ तमाम दावे कर रही है लेकिन उसके यह दावे धरातल पर ही दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। शहर के मोमिनपुरा क्षेत्र के रहवासी हर दो से तीन दिन में नाले के पानी से परेशान होते है। यहां के रहवासियों की माने तो नगर निगम को सूचना देने के बाद भी नालों की सफाई नही होती है। यहां सिर्फ एक कर्मचारी है जो नाले को खोलता है। ऐसे में नाले की गंदगी लोगों की दुकान और घरों के बाहर फेल जाती है। लोगों की माने तो नाले की गहराई कम होने और समय पर सफाई नहीं होने के कारण पानी सड़कों पर बहता रहता है।

पत्रिका

पत्रिका २०/२/२२

स्वच्छता में ऐसे कैसे बनेंगे नंबर-1

# स्वच्छता का दावा : कचरा स्थल समाप्त कर दिए, मैदानी हकीकत : आयुक्त को गलत जानकारी दी

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

patrika.com







**रतलाम.** शहर को स्वच्छता अभियान 2022 में बेहतर बनाने के बड़े - बड़े दावे किए जा रहे है, हकीकत यह है कि साहब बंद कमरे की बैठक व मुख्य बाजार से आगे नहीं बढ़ पा रहे है। दावा यह किया जा रहा है कि शहर में कचरा स्थल समाप्त कर दिए गए है, लेकिन हकीकत यह है कि कई क्षेत्रों में अब भी कचर स्थल चल रहे है। इन सबके बीच लगातार दूसरे दिन निगम आयुक्त ने स्वच्छता को लेकर समीक्षा बैठक की है।

शहर में रात्रिकालीन सफाई के कार्य को प्रतिदिन किया जा रहा है। इसे शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र, महू रोड स्थित सरकारी कार्यालय से आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। बाजना बस स्टैंड, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, घांस बाजार, माणकचौक आदि क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई प्रतिदिन हो रही है। इसके अलावा महू रोड बस स्टैंड, कलेक्टर का नया कार्यालय रोड जैसे स्थान पर इस सफाई अभियान को चलाया जा रहा है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शुक्रवार को निगम के स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें दावा किया कि शहर में एक भी कचरा स्थल नहीं है। ऐसे में आयुक्त ने झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी, दारोगा, वार्डों के पर्यवेक्षक आदि को चेतावनी दी कि कही पर कचरा स्थल पाया गया तो कार्रवाई होगी।

## यह है हकीकत

हकीकत यह है कि जिस महू रोड पर रात्रिकालीन सफाई होती है, उसी के करीब बने मुक्तिधाम के करीब कचरा स्थल बना हुआ है। यहां पर आसपास के दुकानदार कचरा डाल रहे है। 80 फीट रोड पर ही कचरा स्थल निगम कर्मचारियों ने बनाया हुआ है। ऐसे में शहर में निगम के इस दावे की कलई खुल रही है कि शहर में कचरा स्थल नहीं है। पत्रिका

### वेतन काटा जाएंगा

जिन स्थल पर कचरा स्थल की बात बताई है, वहां औचक निरीक्षण किया जाएगा। आसपास के रहवासियों से चर्चा करके जिम्मेदार कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा। **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका २०/२/२२

# कोई भी खुले में 'हल्का' होते ना मिले- आयुक्त

**रतलाम, नप्र।** रतलाम शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहत्तर अंक दिलाना है। इसके लिए हर जरूरी काम को पूरा किया जाए। शहर में कहीं पर भी कोई भी व्यक्ति खुले में ना तो लघुशंका करते मिले और नहीं शौच करते हुए।

इसके कड़े निर्देश नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के जवाबदार अधिकारियों और कर्मचारियों को देते हुए हिदायत दी कि अगर शहर में कहीं पर यदि कोई खुले में लघु शंका या शौच करते मिलता है तो फिर संबंधित झोन प्रभारी और दरोगा पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वे कल यहां स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में उच्चतर अंक दिलाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की ओर से पिछले दिनों अधिकारियों और कर्मचारियों की ली गई बैठक लेकर कामों की समीक्षा कर रहे थे।

निगमायुक्त झारिया ने बैठक में साफ तौर पर कहा कि शहर में जहां कहीं भी मूत्रालय की जरूरत हो वहां अस्थायी रूप से इंतजाम किया जाए। शहर मे कहीं पर यदि कोई खुले में लघुशंका या शौच करते मिलता है तो संबंधित झोन प्रभारी और दरोगा पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

उन्होंने कहा कि शहर के घर-घर दुकानों से सौ प्रतिशत कचरा लिया जाए यदि किसी भी वार्ड में कचरा स्थल है तो उसे पूरी तरह खत्म कर दें अन्यथा संबंधित झोन प्रभारी व दरोगा पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

निगम आयुक्त झारिया ने उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि नगर के हर वार्डों में सौन्दर्यीकरण के जगहों की सूची मुहैया कराए जाए ताकि सुंदरता का काम शुरू किया जा सकें। नागरिकों को गीले कचरे से खाद बनाने की प्रेरणा देने के लिए घरों में होम कम्पोस्टिंग शुरू करने पर जोर दिया। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री सुहास पंडित, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, दीक्षा निजामपुरकर सहित झोन प्रभारी, नियुक्त पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

प्रभात किरण १९/२/२२

**बैठक संपन्न** **स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 के तहत निगम आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक, कामकांज की समीक्षा की गई**

# खुले में यूरिन व शौच करते पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में उच्चतम् अंक प्राप्त हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की 8 फरवरी को ली गई बैठक में दिये गये निर्देशों के तहत अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने की। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्र जहां यूरिनल की आवश्यता है वहां पर



अस्थायी यूरिनल लगाये जाये। शहर में यदि खुले में यूरिन व शौच करते पाये जाने पर संबंधित झोन प्रभारी व दरोगा पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि नगर के 100 प्रतिषत घरो, दुकानों से सेग्रीगेटेड कचरा संग्रहण किया जाये यदि किसी भी वार्ड में कचरा स्थल है तो उसे पूरी तरह से समाप्त कर दें अन्यथा संबंधित झोन प्रभारी व दरोगा पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त ने उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्डों में सौन्दर्यीकरण के स्थल की सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाये ताकि सौन्दर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया जा सकें।

## होम कम्पोस्टिंग जरूरी

बैठक में उन्होने कहा कि नागरिकों को गीले कचरे से खाद बनाने की प्रेरणा देने के लिये सबसे पहले हमे अपने घरों में होम कम्पोस्टिंग प्रारंभ करना होगी ताकि इससे प्रेरित होकर वे भी होम कम्पोस्टिंग प्रारंभ करें व गीले कचरे का निशपादन उत्सर्जन स्थल पर ही हो जाये।

२१५

राज एक्सप्रेस २०/२/२२

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंदौर में गोबर धन प्लांट लोकार्पण कार्यक्रम रतलाम में भी देखा सुना गया

रतलाम । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को इंदौर में गोबर धन प्लांट लोकार्पण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को रतलाम में भी देखा सुना गया। इस अवसर पर पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर में उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन को देखा सुना।



इस दौरान विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, अशोक पोरवाल, मनोहर पोरवाल, कृष्ण कुमार सोनी, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर श्रीमती दिव्या पाटीदार, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, नगर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इन्दौर

इन्दौर समाचार २०/२/२२



# प्रधानमंत्री द्वारा इंदौर में गोबर धन प्लांट लोकार्पण कार्यक्रम रतलाम में भी देखा सुना



रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को इंदौर में गोबर धन प्लांट लोकार्पण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को रतलाम में भी देखा सुना गया। इस अवसर पर पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर में उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन को देखा सुना। इस दौरान विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, अशोक पोरवाल, मनोहर पोरवाल, कृष्ण कुमार सोनी, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, नगर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

नवभारत २०/२/२२